₹125

arihant
समसामयिकी महासागर



फरवरी 2024 तक का अपडेट


# करेण्ट अफेयर्स
# रिफ्रेशर 2024

अन्तरिम केन्द्रीय बजट 2024-25 • भारत रत्न 2024 • 75वाँ गणतन्त्र दिवस • U19 पुरुष विश्व कप 2024
पद्म पुरस्कार 2024 • INS सन्धायक सेवा में शामिल • महत्वपूर्ण रिपोर्ट और सूचकांक
















**500+ MCQs**

UPSC, राज्य PSCs, NDA/NA, CDS, SSC (CGL, MTS, CHSL, कांस्टेबल), रेलवे (ALP, तकनीशियन, कांस्टेबल, SI) तथा अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी

9789359986739

arihant
समसामयिकी महासागर

₹125

# करेण्ट अफेयर्स
# रिफ्रेशर 2024

अन्तरिक केन्द्रीय बजट 2024-25 • भारत रत्न 2024 • 75वाँ गणतन्त्र दिवस • U19 पुरुष विश्व कप 2024
पद्म पुरस्कार 2024 • INS सन्धायक सेवा में शामिल • महत्वपूर्ण रिपोर्ट और सुचकांक

**500+ MCQs**

**UPSC, राज्य PSCs, NDA/NA, CDS, SSC (CGL, MTS, CHSL, कांस्टेबल), रेलवे (ALP, तकनीशियन, कांस्टेबल, SI)**
**तथा अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी**


₹99 का Online Test पैकेज **फ्री**

**करेण्ट अफेयर्स**
**(Aug 23-Feb 24)**

**50**
Total Tests
Attempt Test
View

Price ~~₹99~~
Validity 6 Months

Coupon Code: **EwAACr**

**पैकेज की विशेषताएँ**

- ✓ Detailed Analysis रिपोर्ट
- ✓ Mock Test को Multiple Times Attempt (Re-Attempt) कर सकते हैं
- ✓ सभी प्रश्नों के Detailed Solutions भी

**Login हेतु निर्देश**

- **www.examwitharihant.com पर Login करना होगा।**
- **इसके बाद Book Code/Coupon Code पर Click कर दिया गया Code डालना होगा।**

Download App

# अन्दर के पृष्ठों में


**अन्तरिम आम बजट 2024-25** 3-4

**राष्ट्रीय परिदृश्य** 5-38
- योजना/कार्यक्रम
- सम्मेलन/बैठक
- शिक्षा क्षेत्र
- ऐप्प/पोर्टल
- रेलवे क्षेत्र
- सूचकांक/रिपोर्ट
- कला एवं संस्कृति
- 2023 में पारित महत्वपूर्ण विधेयक
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**विश्व परिदृश्य** 39-56
- नव-नियुक्त प्रधानमन्त्री 2023-24
- नव-निर्वाचित राष्ट्रपति 2023-24
- सूचकांक/रिपोर्ट/रैंकिंग 2023-24
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**भारत एवं विश्व** 57-66
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**अर्थव्यवस्था एवं बैंकिंग** 67-81
- RBI घटनाक्रम
- बैंकिंग क्षेत्र
- कॉर्पोरेट क्षेत्र
- सम्मेलन/बैठक
- विभिन्न सूचकांक/रिपोर्ट/रैंकिंग 2023-24
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**राज्य परिदृश्य** 82-102
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** 103-111
- कम्प्यूटर/संचार प्रौद्योगिकी
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी** 112-117
- ISRO गतिविधियाँ
- NASA घटनाक्रम
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**रक्षा एवं प्रतिरक्षा** 118-127
- मिसाइल परीक्षण
- सेवा में शामिल/सेवा मुक्ति
- सैन्य अभ्यास
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**स्वास्थ्य एवं पोषण** 128-133
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**कृषि, पर्यावरण एवं जैव-विविधता** 134-138
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**खेल पैनोरमा** 139-155
- खेल समाचार
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**पुरस्कार एवं सम्मान** 156-170
- राष्ट्रीय (फिल्म व संगीत, साहित्य, आर्थिक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल, विविध)
- अन्तर्राष्ट्रीय (फिल्म व संगीत, साहित्य, आर्थिक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल, विविध)
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट

**न्यूज लाइन** 171-192
- राष्ट्रीय (नियुक्ति, त्याग-पत्र, चर्चित व्यक्तित्व, निधन, खेल व्यक्तित्व)
- अन्तर्राष्ट्रीय (नियुक्ति, त्याग-पत्र, चर्चित व्यक्तित्व, निधन, खेल व्यक्तित्व)
- चर्चित स्थल
- पुस्तक एवं लेखक
- रिविज़न Bullets
- QUANकिट



प्रकाशक : पायल जैन
चेयरमैन : वाई.सी.जैन

सम्पादक : संजय सागर
पब्लिशिंग मैनेजर : अमित वर्मा
प्रोजेक्ट मैनेजर : अमित त्यागी
कवर एवं लेआउट : बिलाल हाशमी
मुख्य पेज डिजाइनर : प्रदीप कुमार, हारून खान
टाइप सैटिंग : नितिन कुमार, हिमांशु

**वितरण एवं विज्ञापन**
जनरल मैनेजर : अनिल कुमार गुप्ता (9258074261)
ई-मेल : arihantmedia.anil@gmail.com
सेल्स एक्जीक्यूटिव : 9258332426

खालिद अन्जुम 9258076307
(बिहार, झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़)
वितरण (Circulation) : 9258074261

**कार्यालय**
प्रधान कार्यालय : अरिहन्त मीडिया प्रोमोटर्स, कालिन्दी, टीपी नगर, मेरठ, फोन : 0121-2401479, 2512970
फैक्स : 0121-2401648
वितरण/व्यावसायिक कार्यालय
अरिहन्त मीडिया प्रोमोटर्स 4577/15, अग्रवाल रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-2
फोन 011-23272342
इन्क्वायरी 0121-4030840
ई-मेल : arihantmedia.amit@gmail.com
वेबसाइट : www.arihantbooks.com



© **प्रकाशक**

**अरिहन्त मीडिया प्रोमोटर्स के लिए श्रीमती पायल जैन द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड, मेरठ से मुद्रित**
इस पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख उनके रचनाकारों के स्वयं के हैं, तथा वे किसी भी स्थिति में उनसे सम्बन्धित सरकारी या गैर-सरकारी संस्था या करेण्ट अफेयर्स.com सम्पादक मण्डल के विचार नहीं हैं।

इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

*किसी भी स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मेरठ (उत्तर प्रदेश) होगा।*



करेण्ट अफेयर्स के नियमित अपडेट्स के लिए, हमें फॉलो करें ▶ *Examwitharihant*



# अन्तरिम आम बजट 2024-25

वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय अन्तरिम बजट 2024-25 प्रस्तुत किया। यह वित्त मन्त्री के रूप में उनका छठा बजट है और वर्तमान लोकसभा का अन्तिम बजट है। पिछले 3 पूर्ण केन्द्रीय बजटों की तरह, अन्तरिम बजट 2024 भी पेपरलेस रूप में जारी किया गया है।

यह आम चुनाव 2024 के बाद मुख्य बजट पारित होने तक वित्तीय वर्ष के एक हिस्से के रूप में सरकार के लिए धन उपलब्ध कराएगा।

## प्रमुख विशेषताएँ

- अगले वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय 11.1% बढ़ाकर ₹ 1111111 करोड़ किया जा रहा है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% होगा।
- सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में ₹ 4765768 करोड़ व्यय किये जाने का अनुमान है, जो वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान से 6% अधिक है। ब्याज भुगतान कुल व्यय का 25% और राजस्व प्राप्तियों का 40% है।
- वर्ष 2024-25 में प्राप्तियां (उधारियों के अतिरिक्त) ₹ 3080274 करोड़ अनुमानित हैं, जो वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान से लगभग 12% अधिक हैं।
- कर राजस्व, जो प्राप्तियों का प्रमुख हिस्सा है, में भी 2023-24 के संशोधित अनुमान की तुलना में 12% की वृद्धि होने की सम्भावना है।
- सरकार ने वर्ष 2024-25 में 10.5% की मामूली GDP वृद्धि दर (यानी, वास्तविक विकास + मुद्रास्फीति) का अनुमान लगाया है।
- वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 2% पर लक्षित है।
- यह वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान 2.8% से कम है।
- वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 5.1% पर लक्षित है, जो वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.8% के संशोधित अनुमान से कम है।
- नई योजनाओं के लिए आर्थिक मामलों के विभाग को ₹ 70449 करोड़ आवंटित किए गए हैं। आवंटन पूंजीगत व्यय के लिए है, और कुल पूंजी परिव्यय का 7.5% है।
- गरीब, महिलाओं, युवा (यूथ) और अन्नदाता किसानों के उत्थान के लिए युवाओं को 50 वर्ष का ब्याज मुक्त ऋण देने के लिए ₹ 1 लाख करोड़ का कोष बनाया जाएगा।
- सूर्योदय प्रौद्योगिकियों में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए ₹ 1 लाख करोड़ का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।
- टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए कर की दरें वही बनी रहेगी।
- निगम कर को घटाकर 22% कर दिया गया; सॉवरेन फण्ड्स के लिए टैक्स छूट बढ़ाई गई; सॉवरेन फण्ड पर टैक्स छूट मार्च, 2025 तक बढ़ाई गई; स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट का दायरा बढ़ाया गया।
- आयुष्मान भारत योजना का दायरा और बढ़ाया जाएगा। अब इसका लाभ ASHA और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी दिया जाएगा।
- 'अमृत काल' के लिए रणनीति बनाई जाएगी। 'पंचामृत' लक्ष्यों के अनुरूप, सरकार उच्च और अधिक संसाधन-कुशल आर्थिक विकास की सुविधा प्रदान करेगी; ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में भी कार्य होगा।
- कृषि क्षेत्र में मूल्यवर्धन बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का उपाय किया जाएगा।
- तिलहन के लिए 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो DAP के अनुप्रयोग का विस्तार किया जाएगा।
- रूफटॉप सोलराइजेशन से एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकेंगे।
- सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों की रेटिंग के लिए एक ढांचा स्थापित किया जाएगा।
- सरकार 'अर्थव्यवस्था पर श्वेत-पत्र तब और अब' लाएगी।
- लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया जाएगा।
- 5 इण्टीग्रेटेड एक्वापार्क स्थापित किए जाएंगे।
- ब्लू इकोनॉमी 2.0 के लिए नई जलवायु लचीली योजना शुरू की जाएगी।
- डेरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।
- और मेडिकल कॉलेज खोले जाएँगे। नए मेडिकल कॉलेज विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढाँचे का उपयोग करेंगे।
- 'सक्षम आंगनबाड़ी एवं POSHAN 2.0' के तहत उन्नयन किए जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में तेजी लाई जाएगी।

## नीति की मुख्य बातें

**रेलवे** तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर कार्यक्रमों को लागू किया जाएगा। ये हैं: (i) ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर, (ii) बन्दरगाह कनेक्टिविटी कॉरिडोर और (iii) उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर। यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए 40000 सामान्य रेल बोगियों को वन्दे भारत मानकों में अपग्रेड किया जाएगा।

**आवास** प्रधानमन्त्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अगले 5 वर्षों में अतिरिक्त 2 करोड़ घर बनाए जाएँगे। किराए के घरों, झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के वर्गों को अपने घर खरीदने या बनाने में मदद करने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

**स्वास्थ्य** सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए टीकाकरण को 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। देश भर में टीकाकरण के प्रबन्धन के लिए एक नया प्लेटफॉर्म, 'U-WIN' शुरू किया जाएगा।

आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थकेयर कवर सभी ASHA कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों तक बढ़ाया जाएगा।

**ऊर्जा** एक करोड़ घरों की छत पर सौरीकरण किया जाएगा। वर्ष 2070 तक नेट-जीरो प्राप्त करने के लिए, CNG और PNG में संपीड़ित बायोगैस के मिश्रण को चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य किया जाएगा। वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन की कोयला गैसीकरण और द्रवीकरण क्षमता स्थापित की जाएगी।

**पर्यावरण** EV विनिर्माण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत और विस्तारित किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन के लिए ई-बसों को अपनाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। तटीय जलीय कृषि और समुद्री कृषि को बहाल करने के लिए ब्लू इकोनॉमी 2.0 योजना शुरू की जाएगी। बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर, बायो-प्लास्टिक और बायो-फार्मास्यूटिकल्स जैसे पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

**कृषि** एकत्रीकरण, भण्डारण, आपूर्ति शृंखला, प्रसंस्करण और विपणन सहित फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। नैनो DAP उर्वरक के अनुप्रयोग का विस्तार सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में किया जाएगा। डेयरी किसानों की सहायता के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। जलीय कृषि उत्पादकता को तीन से पाँच टन प्रति हेक्टेयर बढ़ाने, समुद्री खाद्य निर्यात को दोगुना करके ₹ 1 करोड़ करने और 55 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार किया जाएगा।

**अनुसंधान** निजी क्षेत्र को अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ₹ 1 लाख करोड़ का कोष स्थापित किया जाएगा। यह कोष कम या शून्य ब्याज दरों पर दीर्घकालिक ऋण प्रदान करेगा।

**जनसांख्यिकीय परिवर्तन** तेजी से जनसंख्या वृद्धि और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति की स्थापना की जाएगी।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना-वार आवण्टन (₹ करोड़)

| | वास्तविक 2022-23 | बजटीय 2023-24 | संशोधित 2023-24 | बजटीय 2024-25 | बदलाव % |
|---|---|---|---|---|---|
| MGNREGS | 90806 | 60000 | 86000 | 86000 | 0.0% |
| प्रधानमन्त्री आवास योजना | 73615 | 79590 | 54103 | 80671 | 49.1% |
| जल जीवन मिशन/राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन | 54700 | 70000 | 70000 | 70163 | 0.2% |
| PM-KISAN | 58254 | 60000 | 60000 | 60000 | 0.0% |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | 33803 | 36785 | 33886 | 38183 | 12.7% |
| राष्ट्रीय शिक्षा मिशन | 32875 | 38953 | 33500 | 37500 | 11.9% |
| संशोधित ब्याज सहायता योजना | 17998 | 23000 | 18500 | 22600 | 22.2% |
| सक्षम आंगनवाड़ी और POSHAN 2.0 | 19876 | 20554 | 21523 | 21200 | –1.5% |
| राष्ट्रीय आजीविका मिशन-आजीविका | 12083 | 14129 | 14652 | 15047 | 2.7% |
| प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना | 10296 | 13625 | 15000 | 14600 | –2.7% |
| सुधार से जुड़ी वितरण योजना | 2738 | 12072 | 10400 | 14500 | 39.4% |
| PM POSHAN | 12681 | 11600 | 10000 | 12467 | 24.7% |
| स्वच्छ भारत मिशन | 6851 | 12192 | 9550 | 12192 | 27.7% |
| प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना | 18783 | 19000 | 17000 | 12000 | 29.4% |
| प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना | 6380 | 10787 | 8781 | 11391 | –29.7% |

## 'द इण्डियन इकोनॉमी :– ए रिव्यू-जनवरी 2024' रिपोर्ट

वित्त मन्त्रालय ने 29 जनवरी, 2024 को 'आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24' के बजाय 'द इण्डियन इकोनॉमी : ए रिव्यू– जनवरी 2024' जारी किया। प्रत्येक वर्ष के विपरीत, बजट 2024 की प्रस्तुति से एक दिन पहले 31 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं किया गया। इसके पीछे कारण यह है कि यह पूर्ण बजट नहीं है, बल्कि सरकार द्वारा पेश किया गया अन्तरिम बजट है। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने वर्ष 2030 तक $ 7 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था तक पहुँचने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया। यह व्यापक 74-पृष्ठ दस्तावेज, आगामी अन्तरिम केन्द्रीय बजट 2024 का अग्रदूत, वित्तीय वर्ष के लिए देश की वास्तविक विकास दर के अनुमानों को विवरण देता है और प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालता है।

*रिपोर्ट की कुछ प्रमुख झलकियां इस प्रकार हैं*

- **आर्थिक विकास अनुमान** भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2024 के लिए 7% या उससे अधिक की विकास दर हासिल करने की उम्मीद है, और वित्त वर्ष 2025 में इस वृद्धि को बनाए रखने की भविष्यवाणी की गई है। यह महामारी के बाद लगातार चार वर्षों में मजबूत वृद्धि को चिह्नित करेगा।
- **वैश्विक चुनौतियाँ और रुझान** वैश्विक अर्थव्यवस्था आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, व्यापार में मन्दी और आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स के प्रभाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। भारत को लचीला माना जा रहा है, जिसने पिछले झटकों पर काबू पा लिया है और इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट रहा है।
- **वैश्विक विनिर्माण में बदलाव** वैश्विक विनिर्माण में अति-वैश्वीकरण का युग समाप्त हो रहा है। सरकारें ऑनशोरिंग और फ्रेण्ड-शोरिंग पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैं, जिससे परिवहन, रसद लागत और अंतिम उत्पाद की कीमतें प्रभावित हो रही हैं। भारत से बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने और विस्तार करने के लिए लाजिस्टिक्स लागत कम करने और उत्पाद की गुणवत्ता में निवेश करने का आग्रह किया जाता है।
- **आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स और ऊर्जा संक्रमण** आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस ने उद्भव ने सेवाओं, व्यापार और रोजगार के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर दी। इसके अतिरिक्त, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए विकासशील देशों पर अन्तर्राष्ट्रीय दबाव के साथ ऊर्जा संक्रमण पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है। भारत जलवायु सम्बन्धी पहलों के साथ आर्थिक विकास को सन्तुलित करते हुए इन चुनौतियों के कुशलतापूर्वक निपट रहा है।
- **घरेलू आर्थिक ताकत** पिछले दशक में, भारत ने बुनियादी ढाँचे में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के पूँजी निवेश में 3.3 गुना वृद्धि हुई है। मजबूत गैर-खाद्य ऋण वृद्धि के साथ वित्तीय क्षेत्र स्वस्थ है। समावेशी विकास की खोज बेहतर घरेलू वित्तीय स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, बेरोजगारी दर में गिरावट और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा संकेतकों में प्रगति से स्पष्ट है। COVID-19 महामारी के दौरान सरकार के प्रभावी प्रबन्धन और कच्चे तेल की आपूर्ति के कुशल प्रबन्धन ने देश की आर्थिक लचीलापन और स्थिरता में योगदान दिया है।






# राष्ट्रीय परिदृश्य

## केन्द्रीय गृह मन्त्री पदक की स्थापना

- पिछले चार पदकों को मिलाने के बाद, केन्द्रीय गृह मन्त्रालय ने 1 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय गृह मन्त्री दक्षता पदक की स्थापना की।
- फोरेन्सिक विज्ञान में सराहनीय सेवा के लिए पुरस्कार, असाधारण आसूचना कुशलता पदक, जाँच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मन्त्री के पदक, और केन्द्रीय गृह मन्त्री के विशेष ऑपरेशन पदक को चार नए पदकों में जोड़ा गया है।
- व्यापक योजना की आवश्यकता वाले और राष्ट्रीय सुरक्षा पर पर्याप्त भार रखने वाले कार्यों का सम्मान करने के लिए, केन्द्रीय गृह मन्त्री के विशेष ऑपरेशन पदक की स्थापना की गई थी।
- वर्ष 2018 में, जाँच में उत्कृष्टता के लिए एक नया पुरस्कार  केन्द्रीय गृह मन्त्री का पदक मिला था।
- उत्कृष्ट उपलब्धि और एक अटूट और साहसी खुफिया सेवा की मान्यता में, वर्ष 2018 में असाधारण आसूचना कुशलता पदक की स्थापना की गई थी।
- वर्ष 2010 में, केन्द्रीय गृह मन्त्री द्वारा फोरेन्सिक विज्ञान पुरस्कारों में सराहनीय सेवा की स्थापना की गई थी।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का उद्घाटन

- भारत मोबिलिटी एक्सपो 1-3 फरवरी, 2024 तक भारत मण्डपम, नई दिल्ली में हुआ।
- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में पहला और सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो खोला, जिसे भारत मोबिलिटी एक्सपो 2024 कहा जाता है।
- भारत के कौशल को वर्ष 2024 में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में मोबिलिटी और ऑटोमोटिव वैल्यू चेन में प्रदर्शित किया गया था।
- गो-कार्टिंग जैसे सार्वजनिक आकर्षण के साथ, एक्सपो में प्रदर्शनियाँ, सम्मेलन, खरीदार-विक्रेता बैठकें, राज्य सत्र और एक सड़क सुरक्षा मण्डप शामिल होंगे।
- एक्सपो, जिसमें 50 से अधिक देशों के 800 से अधिक प्रदर्शक हैं, ने अभिनव परिवहन समाधान, टिकाऊ प्रौद्योगिकी और अत्याधुनिक नवाचारों का प्रदर्शन किया।

## योजना AAY के लिए चीनी सब्सिडी का मार्च, 2026 तक विस्तार

- केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने 1 फरवरी, 2024 को सार्वजनिक वितरण योजनाओं के तहत अंत्योदय अन्न योजना (AAY) परिवारों के लिए चीनी सब्सिडी कार्यक्रम को मार्च, 2026 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी।
- सबसे गरीब लोगों को चीनी प्राप्त करने में सहायता करती है, और उनके आहार को अधिक ऊर्जा देती है जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर होता है।

- भागीदार राज्यों के AAY परिवारों को इस योजना से केन्द्र सरकार से ₹ 18.50 प्रति किग्रा की मासिक चीनी सहायता प्राप्त होगी।
- देश भर में लगभग 1.89 करोड़ AAY परिवारों को इस योजना से लाभ होने का अनुमान है।

## करप्शन परसेप्शन इण्डेक्स 2023 में भारत 93वें स्थान पर

- CPI 2023 मूल्यांकन के अनुसार, भारत 30 जनवरी, 2024 तक 180 देशों में से 93वें स्थान पर था।
- सार्वजनिक क्षेत्र की अखण्डता के अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारत की स्थिति को ट्रांसपेरेंसी इण्टरनेशनल करप्शन परसेप्शन इण्डेक्स (CPI) से परामर्श करके बेहतर ढंग से समझा गया।
- भारत का वर्ष 2023 का CPI स्कोर 39 पिछले वर्ष के स्कोर 40 से थोड़ा कम था।
- इस स्थिरता के बावजूद, रिपोर्ट भारत के नागरिक क्षेत्र में चल रही समस्याओं पर प्रकाश डालती है, जिसमें एक दूरसंचार बिल भी शामिल है, जिसने सम्भावित अधिकारों के दुरुपयोग के बारे में चिन्ता जताई है।

## सुप्रीम कोर्ट का हीरक जयंती समारोह

- प्रधानमन्त्री मोदी ने 28 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में भारत के सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया।
- सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट, 'डिजिटल कोर्ट्स 2.0' और 'डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स' नागरिक-केंद्रित प्रौद्योगिकी पहल थीं जिनका प्रधानमन्त्री ने अनावरण किया।
- देश के नागरिकों को डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स (SCR) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों तक मुफ्त पहुँच होगी।
- वर्ष 1950 से प्रकाशित सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्टों के 519 खण्ड, जो 36000 से अधिक मामलों को कवर करते हैं, डिजिटल प्रारूप में स्वतन्त्र रूप से सुलभ होंगे।

## कौशल भवन का उद्घाटन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 जनवरी, 2024 को कौशल भवन का उद्घाटन किया, जो कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के उत्थान के लिए भारत की स्थिर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- भवन कौशल विकास और उद्यमिता मन्त्रालय (MSDE) के तत्वावधान में देश की युवा क्षमता को बढ़ावा देने और महत्वाकांक्षाओं की प्राप्ति में तेजी लाने के लिए उत्तरदायी है।
- अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ, कौशल भवन अभिनव कौशल विकास कार्यक्रमों की अवधारणा, सहयोग और कार्यान्वयन के लिए एकदम सही स्थिति प्रदान करता है।
- सतत विकास के उदाहरण के रूप में भवन का डिजाइन दो विशाल पेड़ों से बना है जो पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को एकीकृत करता है।

## राम मन्दिर का अभिषेक समारोह आयोजित

- अयोध्या में राम मन्दिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी, 2024 को हुआ था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इस भव्य मन्दिर में उत्सव की अध्यक्षता की।



- चन्द्रकान्त बी. सोमपुरा ने मन्दिर परिसर का निर्माण नागर शैली के वास्तुशिल्प डिजाइन में किया था।
- मन्दिर एक ऊपरी चौकी पर स्थापित है जिसे महापीठ और 12 फुट की जगती कहा जाता है।
- शिखर 161 फीट पर खड़ा है, जो गर्भ गृह से ऊपर स्थित है और पाँच मण्डपों से ऊपर उठता है।
- तीन मंजिलें कुडा मण्डप बनाती हैं। मण्डपों में 44 सागौन दरवाजे और 300 खम्भे होंगे।

## 1 करोड़ घरों को मिलेगा रूफटॉप सोलर सिस्टम

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2024 को घोषणा की कि देश के प्रत्येक नागरिक के पास सोलर रूफटॉप सिस्टम होना चाहिए।
- प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा घोषित 'प्रधानमन्त्री सूर्योदय योजना', एक करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर सिस्टम प्रदान करेगी।
- इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग और गरीब लोगों के बिजली बिलों को कम करेगा और भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करेगा।
- प्रधानमन्त्री गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर भारत की निर्भरता को कम करना चाहते हैं और देश की ऊर्जा स्वतन्त्रता को बढ़ाना चाहते हैं।

## प्रधानमन्त्री मोदी ने रखी AMRUT की 8 परियोजनाओं की आधारशिला

- प्रधानमन्त्री मोदी ने 19 जनवरी, 2024 को कहा कि परिवारों के जीवन को सरल बनाने के लिए उनकी सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए।
- उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 10 करोड़ शौचालयों और 4 करोड़ पक्के आवासों की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है।
- प्रधानमन्त्री ने 8 अटल मिशन फॉर रिजुवनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (AMRUT) परियोजनाओं में से पहली परियोजना को समर्पित किया, जिसकी कुल लागत लगभग ₹ 2000 करोड़ है।
- प्रधानमन्त्री द्वारा राज्य में PM-SVANIDHI के 10000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त भी वितरित की गई।

## प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के विस्तार की घोषणा

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जनवरी, 2024 को राष्ट्र के स्वास्थ्य और पोषण की गारण्टी के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया।
- प्रधानमन्त्री मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के विजेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहा कि पिछले 9 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से उबर चुके हैं।
- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, विकसित भारत संकल्प यात्रा 2 महीने से चल रही है और सरकार इस यात्रा का उपयोग अपने सभी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहती है।
- विकसित भारत संकल्प यात्रा को अब जन आंदोलन के रूप में जाना जाता है और अब तक 15 करोड़ लोग इसमें भाग ले चुके हैं।

## प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा कोच्चि में ₹ 4000 करोड़ की परियोजनाओं का अनावरण

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी, 2024 को कोच्चि, (केरल) में 3 प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का अनावरण किया।
- सामूहिक रूप से ₹ 4000 करोड़ से अधिक की ये परियोजनाएँ, राष्ट्र की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमन्त्री के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।
- भव्य उद्घाटन से पहले, देश भर से बड़ी संख्या में भक्त समुद्र तटीय तीर्थ नगरी में एकत्र हुए।
- भारत के पहले पूर्ण विकसित जहाज मरम्मत पारिस्थितिक तन्त्र, इण्टरनेशनल शिप रिपेयर फेसिलिटी (ISRF) का भी उद्घाटन किया गया।

## राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी के परिसर का उद्घाटन

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी 16 जनवरी, 2024 से आन्ध्र प्रदेश और केरल की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

- उन्होंने आन्ध्र प्रदेश में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी के नए परिसर का उद्घाटन किया।
- उन्होंने भारतीय राजस्व सेवा के 74वें और 75वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारी और भूटान की रॉयल सिविल सर्विस के प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत की।
- उन्होंने एर्नाकुलम जाते समय महाराजा कॉलेज ग्राउण्ड से गवर्नमेण्ट गेस्ट हाउस तक रोड शो किया।

## अधूरी KYC प्रक्रिया वाले FASTags होंगे निष्क्रिय

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा 15 जनवरी, 2024 को यह घोषणा की गई कि वैध शेष राशि वाले लेकिन अधूरी KYC प्रक्रिया वाले FASTags (फास्टैग्स) 31 जनवरी, 2024 के बाद निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट हो जाएँगे।
- यह कदम हाल ही में एक विशेष वाहन के लिए कई FASTags जारी किए जाने और बिना KYC के FASTags जारी किए जाने की खबरों के बाद उठाया गया है, जो RBI के नियमों का उल्लंघन है।
- इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही प्रदान करने के लिए, NHAI ने 'एक वाहन, एक FASTags' पहल शुरू की है।
- FASTags भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन प्रणाली है, जो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित है।

## 'प्रधानमन्त्री आवास योजना-ग्रामीण' की किस्त का उद्घाटन

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से PM-JANMAN के तहत PM आवास योजना – ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की।
- PM-JANMAN को नवम्बर, 2023 में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए लॉन्च किया गया था।
- लगभग ₹ 24000 करोड़ के बजट के साथ PM-JANMAN, 9 मन्त्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण अंत:क्षेपों पर केन्द्रित है।
- इस पहल का उद्देश्य आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल आदि जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करके विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के लिए सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बढ़ाना है।

## मुम्बई ट्रांस हार्बर लिंक (MTHL) का उद्घाटन

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी, 2024 को मुम्बई ट्रांस हार्बर लिंक (MTHL) का उद्घाटन किया, जिसे अटल सेतु के रूप में भी जाना जाता है, जो भारत के अब तक के सबसे लम्बे समुद्री पुल के उद्घाटन को चिह्नित करता है।
- ₹ 17840 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित 21.8 किमी के लिंक का उद्देश्य दक्षिण मुम्बई और नवी मुम्बई के बीच यात्रा के समय को 120 मिनट से घटाकर केवल 20 मिनट करना है।
- ठाणे क्रीक में फैला 6-लेन मुम्बई ट्रांस हार्बर लिंक (MTHL) वर्ष 2018 से निर्माणाधीन है।

## CCPA द्वारा 31 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी

- केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने 9 जनवरी, 2024 को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 31 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया।
- भ्रामक विज्ञापन के लिए 9 कोचिंग संस्थानों पर जुर्माना भी लगाया गया है।
- प्राधिकरण ने पाया है कि कुछ कोचिंग संस्थान सत्यापन योग्य साक्ष्य प्रदान किए बिना 100% चयन और नौकरी की गारण्टी जैसे दावे करने में भी लिप्त हैं।
- CCPA ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए गठित समिति की पहली बैठक आयोजित की।

## प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा 'स्वच्छ मन्दिर' अभियान लॉन्च

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थस्थलों को पूर्वकालिक बनाने के उद्देश्य से 8 जनवरी, 2024 को देश भर में 'स्वच्छ मन्दिर' (क्लीन टेम्पल) अभियान लॉन्च किया।
- उन्होंने देश भर के लोगों से मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) से शुरू होकर 22 जनवरी, 2024 तक छोटे तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान शुरू करने का आग्रह किया।
- उन्होंने 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मन्दिर के आगामी अभिषेक से पहले अभियान शुरू किया।
- अभियान में सांसदों, विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा, जो स्वच्छता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करेंगे।

## केन्द्र सरकार की नई नियुक्ति

- वरिष्ठ IAS अधिकारी विकास शील को 6 जनवरी, 2024 को एशियन डेवलपमेण्ट बैंक (ADB) का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया।
- स्मिता सारंगी को फिलीपींस के मनीला में ADB में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।
- सेंथिल पाण्डियन सी, 2002 बैच के IAS अधिकारी, अब जिनेवा में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (WTO) के राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि हैं।
- 2004 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) अधिकारी प्रवीण कुमार अब वाशिंगटन DC, अमेरिका में इण्टरनेशनल मॉनिटरी फण्ड (IMF) में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार हैं।



### PM-KISAN द्वारा 11 करोड़ किसानों को समर्थन

केन्द्रीय कृषि मन्त्रालय ने 18 जनवरी, 2024 को फिर से कहा कि केन्द्र सरकार ने किसानों की भलाई की गारंटी के लिए कई उपाय लागू किए हैं।

इसमें बजट में कृषि एवं सहकारिता विभाग को आवंटित धन पर बल दिया गया है।

वित्त वर्ष 2013-14 में, बजट आवण्टन ₹ 27662.67 करोड़ था; वित्त वर्ष 2023-24 में यह ₹ 1.25 लाख करोड़ से अधिक हो गया।

वर्ष 2019 में कार्यक्रम के शुरू होने के बाद से, 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से ₹ 2.81 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए।

## SCS के तहत लाया गया 37 और उत्पादों को

- दूरसंचार विभाग के टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेण्टर (TEC) के द्वारा 3 जनवरी, 2024 को सिम्पलीफाइड सर्टिफिकेशन स्कीम (SCS) के तहत 37 और उत्पादों को लाया गया है।
- इससे प्रमाणन में लगने वाला समय 8 सप्ताह से घटकर 2 सप्ताह रह जाएगा और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।
- इन उत्पादों में मीडिया गेटवे, IP सुरक्षा उपकरण, IP टर्मिनल, ऑप्टिकल फाइबर या केबल, ट्रांसमिशन टर्मिनल उपकरण आदि शामिल हैं।

- SCS के तहत कुल उत्पाद अब 12 से बढ़कर 49 हो गए हैं।
- वर्तमान में, 60 टेलिकॉम और नेटवर्किंग उत्पाद हैं, जिन्हें MTCTE व्यवस्था के तहत अधिसूचित किया गया है।

## BJP अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया डाक टिकट

- BJP अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 30 दिसम्बर, 2023 को नई दिल्ली में श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट जारी किया।
- नड्डा के अनुसार, 1823 ई. को भारतीय मूल के तमिलों के डाक टिकट के साथ याद किया जा रहा है, जो 200 वर्ष पहले श्रीलंका गए थे।
- अंग्रेजों ने श्रीलंका में तमिल लोगों के प्रवास को प्रोत्साहित किया, क्योंकि इसने प्रवासी लोगों को वहाँ खेतों में काम करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के उनके उद्देश्य को पूरा किया।
- उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय मूल के तमिलों ने वर्षों तक संघर्ष किया और मानव गरिमा, स्वास्थ्य और आजीविका की कठिनाइयों का सामना किया।

## नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम शुरू

- केन्द्रीय मन्त्री भूपेन्द्र यादव ने 29 दिसम्बर, 2023 को देश भर में लकड़ी, बांस और अन्य वन उपज के निर्बाध पारगमन की सुविधा के लिए NTPS पैन-इण्डिया लॉन्च किया।
- NTPS को 'वन नेशन-वन पास' व्यवस्था के रूप में परिकल्पित किया गया है जो आसानी से व्यापार करने में योगदान देगा और अधिक पारदर्शिता की दिशा को मजबूत करने में मदद करेगा।
- नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (NTPS) उपयोगकर्ता की सुविधा के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें आसान पंजीकरण और परमिट के लिए डेस्कटॉप और मोबाइल एप्लिकेशन शामिल हैं।
- वर्तमान में, 25 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने उत्पादकों, किसानों और ट्रांसपोर्टरों के लिए अन्तर्राज्यीय व्यापार संचालन को सुव्यवस्थित करते हुए यूनिफाइड परमिट सिस्टम को अपनाया है।

## 6 SAMARTH क्यूरेटेड प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

- केन्द्र सरकार ने 27 दिसम्बर, 2023 को राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 6 SAMARTH क्यूरेटेड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं।
- कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मन्त्रालय ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों के कौशल और दक्षताओं को बढ़ाना है।
- यह कार्यक्रम यह सुनिश्चित करेगा कि अधिकारी शासन की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं।
- iGOT कर्मयोगी सरकारी अधिकारियों को उनकी क्षमता-निर्माण में मार्गदर्शन करने के लिए एक व्यापक ऑनलाइन शिक्षण मंच है।

## दिवंगत न्यायमूर्ति माधव रेड्डी का स्पेशल पोस्टल कवर जारी

- स्वर्गीय न्यायमूर्ति माधव रेड्डी की 100वीं जयन्ती पर 27 दिसम्बर, 2023 को एक स्पेशल पोस्टल कवर जारी किया गया।




- इस पोस्टल टिकट का विमोचन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।
- उन्होंने भारत की न्याय और शिक्षा प्रणाली में बहुमूल्य योगदान दिया।
- उन्होंने आन्ध्र प्रदेश और मुम्बई उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया और वर्ष 1997 में उनकी मृत्यु हो गई।

## MeitY द्वारा डीपफेक पर दूसरी एडवाइजरी जारी

- MeitY ने 26 दिसम्बर, 2023 को डीपफेक (Deepfakes) के माध्यम से गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए दूसरी एडवाइजरी जारी की।
- डीपफेक इमेजीज, वीडियो या ऑडियो के रूप में नकली डिजिटल सामग्री है।
- वे उच्च कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण और ज्यादा सीखने की तकनीक का उपयोग करके बनाए गए हैं।
- डीप लर्निंग एक प्रकार की मशीन लर्निंग है जो बड़े डेटा सेट का विश्लेषण करने और नकली सामग्री बनाने के लिए न्यूरल नेट सिमुलेशन का उपयोग करती है।

## यूट्यूब पर प्रधानमन्त्री मोदी के 2 करोड़ फॉलोअर्स

- एक रियल-टाइम ट्रैकर सोशलब्लेड के अनुसार, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के यूट्यूब चैनल ने 26 दिसम्बर, 2023 को 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स को पार कर लिया।
- नरेन्द्र मोदी के यूट्यूब चैनल ने व्यूज और सब्सक्राइबर्स के मामले में भारतीय और विश्व के यूट्यूब चैनलों को भी पीछे छोड़ दिया।
- ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो लगभग 64 लाख सब्सक्राइबर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के 7.89 लाख और तुर्कीए के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन के 3.16 लाख सब्सक्राइबर्स हैं।

## पण्डित मदन मोहन मालवीय के 11 खण्डों की पहली शृंखला का विमोचन

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर, 2023 को नई दिल्ली में पण्डित मदन मोहन मालवीय के संग्रहित कार्यों के 11 खण्डों की पहली शृंखला जारी की।
- कार्यक्रम का आयोजन महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर किया गया।
- खण्ड 1 द्विभाषी (अंग्रेजी और हिन्दी) है और लगभग 4000 पृष्ठों का है।
- यह पण्डित मदन मोहन मालवीय के लेखन और भाषणों का संग्रह है और देश के हर कोने से एकत्र किया गया है।
- दस्तावेजों पर शोध और संकलन का कार्य महामना मालवीय मिशन द्वारा किया गया था।

## 'मजदूरों का हित मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम का आयोजन

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर, 2023 को इन्दौर में आयोजित 'मजदूरों का हित मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित किया।
- यह कार्यक्रम इन्दौर की हुकुमचन्द मिल के श्रमिकों को 30 वर्षों से लम्बित बकाया राशि के भुगतान के सम्बन्ध में आयोजित किया गया था।
- प्रधानमन्त्री की ओर से मुख्यमन्त्री मोहन यादव ने प्रतीकात्मक रूप से श्रमिकों को ₹ 217.46 करोड़ का चेक सौंपा।
- प्रधानमन्त्री मोदी ने ₹ 308 करोड़ की लागत से निर्मित 220 एकड़ के सौर ऊर्जा संयन्त्र का भी वर्चुअली उद्घाटन किया।

## तबला वादन का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- 'संगीत नगरी' ग्वालियर में, 25 दिसम्बर, 2023 को 1500 भारतीय तबला वादकों ने एक साथ प्रदर्शन करके एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया।
- यह 'तबला दरबार' कार्यक्रम ग्वालियर किले के कर्ण महल में मध्य प्रदेश के मुख्यमन्त्री मोहन यादव और केन्द्रीय मन्त्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में किया गया।

• इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमन्त्री ने घोषणा की कि 25 दिसम्बर को 'तबला दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

• ग्वालियर किले में 'तबला दरबार' प्रदर्शन की निगरानी और रिकॉर्ड करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की 3 सदस्यीय टीम मौजूद थी।

## केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल द्वारा नए बिहार पुल को मंजूरी

• भारत सरकार ने 25 दिसम्बर, 2023 को बिहार में एक नए गंगा नदी पुल के निर्माण और कोपरा के लिए MSP बढ़ाने सहित कई प्रमुख पहलों को हरी झण्डी दिखाई।

• गंगा नदी पर 4.56 किमी लम्बा 6 लेन का पुल बनाया जाएगा, जो बिहार के दीघा और सोनपुर के क्षेत्रों को जोड़ेगा।

• ₹ 3064 करोड़ की इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करना और अन्तर्देशीय जल परिवहन की सुविधा प्रदान करना है।

• सरकार ने वर्ष 2024 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में ₹ 250-300 प्रति क्विण्टल की वृद्धि की है।

## राष्ट्रपति ने दी 3 विधेयकों को मंजूरी

• राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23 दिसम्बर, 2023 को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को अपनी मंजूरी दे दी।

• इन कानूनों में मॉब लिंचिंग के लिए मौत की सजा का प्रावधान है और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए कई तरह के प्रावधान किए गए हैं।

• भारतीय न्याय संहिता में 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के अपराध में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है।

• सामूहिक बलात्कार के मामलों में 20 वर्ष की कैद या मृत्यु तक कारावास का प्रावधान है और आपराधिक न्याय प्रणाली में पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है।

## केन्द्रीय मन्त्री ने किया आदि व्याख्यान का उद्घाटन

• केन्द्रीय जनजातीय कार्य मन्त्री अर्जुन मुण्डा ने 21 दिसम्बर, 2023 को नई दिल्ली में 2 दिन के जनजातीय अभिविन्यास कार्यक्रम आदि व्याख्यान का उद्घाटन किया।

• कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (NTRI) द्वारा किया गया।

• इसका उद्देश्य आदिवासी परम्पराओं और संस्कृति की जटिलताओं की गहरी समझ रखना और उनके अस्तित्व के लिए चुनौतियों का पता लगाना है।

• यह जनजातीय पहचान और राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता में आदिवासी योगदान का पता लगाने की एक पहल है।

• आदि व्याख्यान कार्यक्रम जनजातीय समुदायों को भारत के सांख्यिकीय इनपुट और संवैधानिक सुरक्षा उपायों से परिचित कराएगा।

## स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन का ग्रैण्ड फिनाले

• प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 19 दिसम्बर, 2023 को स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन के ग्रैण्ड फिनाले में युवा इनोवेटर्स के साथ बातचीत की।

• इस वर्ष (2023) स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन का ग्रैण्ड फिनाले 19-23 दिसम्बर, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

• देश भर के 48 नोडल केन्द्रों पर 12000 से अधिक प्रतिभागी और 2500 से अधिक मेण्टर्स ग्रैण्ड फिनाले में भाग ले रहे हैं।

• ग्रैण्ड फिनाले के लिए कुल 1282 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया है ताकि अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबन्धन, रोबोटिक्स और अन्य सहित विभिन्न विषयों पर समाधान प्रदान किए जा सकें।

## भारत में खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले

• नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, हैदराबाद ने 15 दिसम्बर, 2023 को खाद्य मिलावट के मामलों में देश में पहला स्थान हासिल किया।

• इसमें तेलंगाना दूसरे स्थान पर है, जबकि आन्ध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है।

• वर्ष 2022 के दौरान, भारत के 19 प्रमुख शहरों में खाद्य मिलावट से सम्बन्धित कुल 291 मामले सामने आए।

• अकेले हैदराबाद में 246 मामले दर्ज किए गए, जो शहर के भीतर खाद्य सुरक्षा में चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर करते हैं।

• खाद्य मिलावट वह सामग्री है जिसे अधिक मात्रा में गुणवत्ता को कम करने के इरादे से खाद्य पदार्थ में मिलाया जाता है।

## विश्व के सबसे बड़े ध्यान केन्द्र का उद्घाटन

• प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 18 दिसम्बर, 2023 को वाराणसी के उमराहा में स्वर्वेद महामन्दिर का उद्घाटन करके एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया।

• यह नवनिर्मित ध्यान केन्द्र 7 मंजिलों पर खड़ा है, जिसमें ध्यान के लिए एक समय में 20000 भक्तों को समायोजित किया जा सकता है।

• वाराणसी में स्वर्वेद महामन्दिर विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केन्द्र है।

• यह वाराणसी शहर के केन्द्र से लगभग 12 किमी दूर उमराहा क्षेत्र में स्थित है, यह मन्दिर 300000 वर्ग फुट में फैला हुआ है।

## सूरत में देश का पहला 6 लेन स्टील स्लैग-आधारित रोड

• गुजरात के सूरत में 13 दिसम्बर, 2023 को देश की पहली 6-लेन स्टील स्लैग-आधारित सड़क का निर्माण किया गया।

• केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संगठन द्वारा इस्पात मन्त्रालय के सहयोग से NH-6 को हजीरा पोर्ट से जोड़ने वाली सड़क के लिए इस सड़क का निर्माण किया गया है।

• स्टील स्लैग का उत्पादन इस्पात उत्पादन के दौरान लौह अयस्क से प्राप्त ठोस अपशिष्ट के रूप में किया जाता है।

• स्लैग रोड के निर्माण से सरकार द्वारा चलाए जा रहे वेस्ट टू वेल्थ और स्वच्छ भारत मिशन दोनों अभियानों में मदद मिलेगी।

## भारतीय संसद की सुरक्षा में चूक

• भारतीय संसद में 13 दिसम्बर, 2023 को हुई सुरक्षा चूक के कारण संसद में हंगामा हुआ।

• दो अज्ञात व्यक्तियों ने भारत की संसद के निचले सदन के चैम्बर में प्रवेश किया, कथित तौर पर स्मोक बम फेंके, जो एक महत्वपूर्ण सुरक्षा चूक को दर्शाता है।

• यह घटना वर्ष 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले की 22वीं बरसी पर हुई, जिसमें लोग हताहत हुए थे।



### सूरत एयरपोर्ट 'अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा' घोषित

केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने 15 दिसम्बर, 2023 को सूरत एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

सूरत हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय दर्जा देना आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश आकर्षित करने और राजनयिक सम्बन्धों को मजबूत करने के लिए सर्वोपरि है। यात्री यातायात और कार्गो संचालन में वृद्धि के साथ, हवाई अड्डे का अन्तर्राष्ट्रीय पदनाम क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

# गणतन्त्र दिवस 2024 समारोह





## समारोह : एक नजर

| | |
|---|---|
| **परिचय** | भारत का राष्ट्रीय महोत्सव |
| **महत्व** | भारत के संविधान को अपनाने और गणतन्त्र बनने का प्रतीक |
| **संस्करण** | 75वाँ |
| **परेड के विषय** | 'विकसित भारत' और 'भारत – लोकतन्त्र की मातृका' नामक दो विषय |
| **मुख्य अतिथि** | इमैनुएल मैक्रों (फ्रांस के राष्ट्रपति) |
| **झांकियाँ** | 25 झांकियाँ (16 राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश से और 9 मन्त्रालयों/विभागों से) प्रदर्शित की गईं |

## फर्स्ट @ परेड 2024

- परेड के दौरान पूरी तरह महिलाओं की त्रि-सेवा टुकड़ी ने मार्च किया।
- 100 महिला कलाकारों ने पारम्परिक संगीत वाद्ययन्त्र बजाए और विभिन्न राज्यों से 1500 महिला कलाकारों ने लोक और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए।
- अलग-अलग टुकड़ियों में सेवारत एक विवाहित जोड़े ने परेड में भाग लिया।
- फ्रांसीसी दल की भागीदारी
- अनंत सूत्र (देशभर से 1900 साड़ियों का प्रदर्शन)
- विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालती झांकी
- फ्लाईपास्ट में फ्रांसीसी विमान शामिल

## घोड़े द्वारा खींची जाने वाली छोटी बग्गी की वापसी



लगभग 40 वर्षों के अन्तराल के बाद, घोड़े द्वारा खींची जाने वाली छोटी बग्गी परम्परा ने वापसी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों 'पारम्परिक घोड़े से खींची जाने वाली छोटी बग्गी' में राजसी कर्तव्य पथ पर पहुँचे। वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी की हत्या के बाद वर्ष 1984 में गणतन्त्र दिवस समारोह के लिए राष्ट्रपति की बग्गी का इस्तेमाल बन्द कर दिया गया था।

## पुरस्कार विजेता

### जज पैनल द्वारा सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी

- सिख रेजिमेण्ट दल (त्रि-सेवा)
- दिल्ली पुलिस महिला मार्चिंग दल (CAPF/अन्य सहायक बल)

### सर्वश्रेष्ठ झांकी

**राज्य / केन्द्रशासित प्रदेश**

01 **ओडिशा**
(झांकी विषय 'विकसित भारत में महिला सशक्तीकरण')





02 **गुजरात**
('धोरडो : गुजरात के सीमा पर्यटन का एक वैश्विक प्रतीक' झांकी)

03 **तमिलनाडु**
('प्राचीन तमिलनाडु में कुदावोलाई प्रणाली – लोकतन्त्र की जननी' झांकी)



**मन्त्रालय/विभाग**

- संस्कृति मन्त्रालय (झांकी 'भारत : लोकतन्त्र की जननी')

**पब्लिक चॉइस द्वारा**

**सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी**

- राजपूताना राइफल्स रेजिमेण्टल मार्चिंग टुकड़ी (त्रि-सेवा)
- CRPF महिला मार्चिंग टुकड़ी (CAPF/अन्य सहायक बल)

**सर्वश्रेष्ठ झांकी**

**राज्य / केन्द्रशासित प्रदेश**

01 **गुजरात**
('धोरडो: गुजरात के सीमा पर्यटन का एक वैश्विक प्रतीक' झांकी)






02 **उत्तर प्रदेश**
('विकसित भारत समृद्ध विरासत' झांकी)

03 **आन्ध्र प्रदेश**
(आन्ध्र प्रदेश में स्कूली शिक्षा में बदलाव-छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना)



**मन्त्रालय/विभाग**

- गृह मन्त्रालय ('वाइब्रैण्ट विलेजेस' झांकी)



# बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

गणतन्त्र दिवस 2024 समारोह का समापन 29 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साथ हुआ। भारतीय नौसेना बैण्ड ने बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान भारत की अन्तरिक्ष उपलब्धियों के लिए एक अनोखी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैण्ड के सदस्यों ने अपने मार्चिंग फॉर्मेशन के माध्यम से चन्द्रमा पर विक्रम लैण्डर की ऐतिहासिक लैण्डिंग को फिर से बनाया। सेना के सैन्य बैण्ड ने भी अपने दृश्य प्रदर्शन से चन्द्रयान-3 को श्रद्धांजलि दी।

'बीटिंग रिट्रीट' सदियों पुरानी सैन्य परम्परा है, जो उन दिनों से है जब सूर्यास्त के समय सैनिकों को युद्ध से हटा दिया जाता था। ढोल की थाप उन दिनों को याद करती है जब कस्बों और शहरों में सैनिकों को शाम को एक नियत समय पर उनके क्वार्टर में वापस बुलाया जाता था। समारोह में सैन्य जुलूस और संगीत कौशल का प्रदर्शन शामिल है। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) के सामूहिक बैण्ड के साथ-साथ थल सेना, वायु सेना और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के पाइप और ड्रम बैण्ड शामिल होते हैं। बैण्ड विभिन्न प्रकार के मार्शल संगीत, देशभक्ति की धुनें और लोकप्रिय धुनें प्रस्तुत करते हैं।



## केन्द्र सरकार द्वारा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी

- केन्द्र सरकार ने 12 दिसम्बर, 2023 को चक्रवाती तूफान बिपारजॉय से बुरी तरह प्रभावित गुजरात को ₹ 338 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता देने को मंजूरी दे दी।
- गृह मन्त्रालय ने हिमाचल प्रदेश के लिए नेशनल डिजास्टर रिस्पोंस फण्ड (NDRF) से लगभग ₹ 634 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी।
- हिमाचल प्रदेश इस वर्ष (2023) दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण गम्भीर रूप से प्रभावित हुआ था।
- केन्द्र सरकार ने इससे पहले स्टेट डिजास्टर रिस्पोंस फण्ड (SDRF) को अपने हिस्से की ₹ 584 करोड़ की पहली किस्त जारी की थी।

## अनुच्छेद 370 पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

- सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसम्बर, 2023 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारत संघ में शामिल होने के बाद जम्मू और कश्मीर ने सम्प्रभुता को बरकरार नहीं रखा।
- सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से अपने फैसले में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को भारतीय संविधान का अस्थायी प्रावधान घोषित कर दिया।
- यह फैसला प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा वर्ष 2019 के कदम की प्रतिक्रिया थी।
- पाँच न्यायाधीशों की पीठ ने तीन समान राय दी, जिसमें पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर अब भारतीय संघ में विशेष दर्जा नहीं रखता है।

## 'विकसित भारत @ 2047 : वॉयस ऑफ़ यूथ' पहल

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिसम्बर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत @2047 : वॉयस ऑफ यूथ' पहल का शुभारम्भ किया।
- इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य राष्ट्र की योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों को आकार देने में भारत के युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल करना है।
- विकसित भारत @2047 का मूल दृष्टिकोण वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलना है, जो इसकी स्वतन्त्रता के 100वें वर्ष को चिह्नित करता है।
- यह पहल युवाओं को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में विचारों और सुझावों को सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

## संरक्षित स्मारकों पर संसदीय समिति की सिफारिशें

- एक संसदीय पैनल ने 8 दिसम्बर, 2023 को प्रस्ताव दिया कि सरकार धार्मिक महत्व वाले ASI संरक्षित स्मारकों में पूजा की अनुमति देने की सम्भावना तलाशे।
- यह सिफारिश दोनों सदनों में प्रस्तुत 'इशूज रिलेटिंग टू अनट्रेसेबल मान्यूमेन्ट्स एण्ड प्रोटेक्शन ऑफ़ मान्यूमेन्ट्स इन इण्डिया' पर रिपोर्ट के हिस्से के रूप में आई।
- वर्तमान में, ASI केवल उन स्मारकों पर पूजा और अनुष्ठान की अनुमति देता है, जहाँ स्मारक ASI के संरक्षण में आने के समय ऐसी परम्पराएँ चल रही थीं।
- ASI द्वारा प्रबन्धित 3693 केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों में से लगभग एक चौथाई (820) में पूजा स्थल हैं।

## राष्ट्रीय 'सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम और सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे' प्रतियोगिता 2024

- केन्द्रीय पर्यटन मन्त्रालय ने 3 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता 2024 शुरू की।



- इसका उद्देश्य देश में ग्रामीण पर्यटन के संवर्धन और विकास को मजबूत करना है।
- इसने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबन्धन संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय रणनीतियों के कार्यान्वयन की शुरुआत की है।
- राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2023 के पिछले संस्करण में स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणियों में पूरे देश में 35 गाँवों को मान्यता दी गई थी।

## केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में फेरबदल

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 7 दिसम्बर, 2023 को BJP के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (NDA) सरकार में फेरबदल की घोषणा की।
- नरेन्द्र तोमर के संसद सदस्य के पद से इस्तीफा देने के बाद केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मन्त्री अर्जुन मुण्डा के पास अब कृषि और किसान कल्याण मन्त्रालय का प्रभार भी है।
- राज्य मन्त्री सुश्री शोभा करंदलाजे को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री का प्रभार सौंपा गया है।
- राज्य मन्त्री राजीव चन्द्रशेखर को उनके मौजूदा विभागों के अलावा, जल शक्ति मन्त्रालय में राज्य मन्त्री का प्रभार सौंपा गया है।
- राज्य मन्त्री डॉ भारती प्रवीण पवार को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा जनजातीय मामलों के मन्त्रालय में राज्य मन्त्री का प्रभार सौंपा गया है।

## जूट के अनिवार्य उपयोग के लिए आरक्षण मानदण्डों को मंजूरी

- सरकार ने जूट वर्ष 2023-24 के लिए पैकेजिंग में जूट के अनिवार्य उपयोग के लिए 8 दिसम्बर, 2023 को आरक्षण मानदण्डों को मंजूरी दे दी।
- मन्त्रिमण्डल की आर्थिक मामलों की समिति (CCEA) की बैठक में यह फैसला किया गया।
- अनिवार्य पैकेजिंग मानदण्डों में खाद्यान्नों के 100% आरक्षण और 20% चीनी को जूट के बोरों में अनिवार्य रूप से पैक करने का प्रावधान होगा।
- जूट उद्योग पूर्वी क्षेत्र, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में प्रमुख उद्योगों में से एक है।

## बीआर अम्बेडकर की मोम की प्रतिमा स्थापित

- भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अम्बेडकर की मोम की प्रतिमा का 6 दिसम्बर, 2023 को जयपुर वैक्स संग्रहालय, नाहरगढ़ किले में अनावरण किया गया।
- बारीकी से तैयार की गई, मोम की मूर्ति 5 फीट 11 इंच की प्रभावशाली ऊंचाई पर खड़ी है, जिसका वजन लगभग 38 किग्रा है।
- यह मूर्ति बाबा साहेब की प्रतिष्ठित छवि को ईमानदारी से दोहराती है, जिसमें उन्हें हाथ में संविधान लिए हुए और उनके विशिष्ट नीले सूट में सजे हुए दिखाया गया है।
- मोम की प्रतिमा को राष्ट्रपति भवन की भव्यता के भीतर अपना स्थान मिल गया है, जो एक अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति, भारत रत्न डॉ अब्दुल कलाम की समानता के साथ स्थान साझा करती है।

## फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी इवेण्ट - इन्फिनिटी फोरम 2.0 आयोजित

- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 6 दिसम्बर, 2023 को प्रमुख फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी इवेण्ट - इन्फिनिटी फोरम 2.0 के दूसरे संस्करण को सम्बोधित किया।

• यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार के तत्वावधान में इण्टरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेन्टर्स अथॉरिटी (IFSCA) और गुजरात इण्टरनेशनल फाइनेन्स टेक-सिटी, GIFT सिटी द्वारा आयोजित किया जाता है।

• फोरम का दूसरा संस्करण 'GIFT-IFSC : नर्व सेंटर फॉर न्यू ऐज ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज' विषय पर केन्द्रित था।

• इसमें भारत और दुनिया भर में वित्तीय क्षेत्र के कई दिग्गजों द्वारा भागीदारी और व्यावहारिक चर्चा भी देखी गई।

## नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए को चुनौती देने की जाँच

• सर्वोच्च न्यायालय की पाँच जजों की संविधान पीठ ने 5 दिसम्बर, 2023 को नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की।

• याचिका में असम समझौते के मूल तत्व, विशेष रूप से खण्ड 5 को चुनौती दी गई है, जो 1 जनवरी, 1966 को 'विदेशियों' को हटाने का पता लगाने के लिए आधार कट-ऑफ तारीख के रूप में स्थापित करता है।

• नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए, जिसे संशोधन के रूप में पेश किया गया था, राज्य में प्रवेश के लिए कट-ऑफ तारीख के रूप में 24 मार्च, 1971 निर्धारित करता है।

• चुनौती का तर्क है कि यह प्रावधान भेदभावपूर्ण, मनमाना है और स्वदेशी असमिया लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## संसद का शीतकालीन सत्र शुरू

• संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुआ और यह 22 दिसम्बर, 2023 तक चला।

• इसमें 19 दिनों में 15 बैठकें हुई। सत्र के दौरान कुल 21 विधेयकों पर चर्चा हुई।

• यह सत्र 17वीं लोकसभा का अन्तिम पूर्ण सत्र था।

## एडवांस्ड ट्रेन कोलिजन अवॉयडेंस सिस्टम को मंजूरी

• दो बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने 30 नवम्बर, 2023 को भारतीय रेलवे पर 'एडवांस्ड ट्रेन कोलिजन अवॉयडेंस सिस्टम' तैनात करने के लिए मंजूरी दे दी।

• ये दो बहुराष्ट्रीय निगम (MNCs) जर्मनी से 'सीमेंस AG' और जापान से 'क्योसन इलेक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी' हैं।

• भारत सरकार ने भारतीय रेलवे के 'कवच' के रूप में जानी जाने वाली स्वचालित ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली को तैनात करने की मंजूरी दे दी है।

• यह एक पहल का एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जो पहले तीन भारतीय कम्पनियों—मेधा सर्वो ड्राइव्स, HBL पावर सिस्टम्स और कर्नेक्स माइक्रोसिस्टम्स द्वारा किया गया था।

## महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों पहली नीलामी

• केन्द्रीय खान मन्त्री प्रह्लाद जोशी ने 30 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में एक समारोह में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की पहली किश्त की नीलामी शुरू की।

• महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के 20 ब्लॉकों की नीलामी पहली किस्त में की गई और इन ब्लॉकों में ग्रेफाइट, लिथियम, मोलिबेडनम, निकेल, ताँबा और पोटाश शामिल थें।

• ये ब्लॉक ओडिशा, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, बिहार, तमिलनाडु और गुजरात में स्थित हैं। यह एक ऐतिहासिक पहल है जो भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाएगी और स्वच्छ ऊर्जा में इसके संक्रमण का समर्थन करेगी।

## प्रधानमन्त्री की केन्द्रीय की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल बातचीत

• प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 30 नवम्बर, 2023 को आउटरीच कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल बातचीत की।

• यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करके फ्लैगशिप योजनाओं की सन्तुष्टि प्राप्त करना था, कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुँचे।

• कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमन्त्री ने AIIMs, देवघर में 10000वें जन औषधि केन्द्र का भी शुभारम्भ किया।

• प्रधानमन्त्री ने देश में जन औषधि केन्द्रों की संख्या 10000 से बढ़ाकर 25000 करने के कार्यक्रम की भी शुरुआत की।

## प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान को मंजूरी

• प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल द्वारा 29 नवम्बर, 2023 को 'प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान' को मंजूरी मिल गई।

• इसने ₹ 24104 करोड़ के कुल परिव्यय (केन्द्रीय हिस्सा: ₹ 15336 करोड़ और राज्य हिस्सा: ₹ 8768 करोड़) के साथ 9-लाइन मन्त्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए मंजूरी दी।

• इस योजना को 'PM-जनमन' नाम दिया गया है और इसके तहत जनजातीय मामलों के मन्त्रालय समेत 9 मन्त्रालयों के जरिए 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा।

• यह अभियान विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) के लिए चलाया जाएगा।

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर एसिड को लेकर नोटिस जारी

• केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण-CCPA ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर एसिड (अम्ल) की खरीद के खिलाफ उपभोक्ताओं को सतर्क करने के लिए सुरक्षा नोटिस जारी किया है।

• CCPA को, भारत में उपभोक्ता हितों की निगरानी करने वाली संस्था होने के नाते, ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर अत्यधिक संक्षारक एसिड की बिक्री का पता चला है।

• उपभोक्ता मामलों के मन्त्रालय के अनुसार, इस तरह आसानी से खतरनाक एसिड की उपलब्धता उपभोक्ताओं और बड़े पैमाने पर जनता के लिए खतरनाक और असुरक्षित हो सकती है।

• ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को अनिवार्य आवश्यकताओं के उल्लंघन में एसिड की बिक्री को रोकने के लिए उचित तन्त्र को लागू करने के लिए कहा गया है।



## सर्वोच्च न्यायालय परिसर में बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर, 2023 को उच्चतम न्यायालय के परिसर में बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया।

7 फुट ऊँची प्रतिमा के अनावरण के बाद राष्ट्रपति मुर्मू और CJI चन्द्रचूड़ दोनों ने पौधे लगाए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ और केन्द्रीय कानून मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'भारतीय संविधान के पिता' को हाथ जोड़कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाने के महत्व पर जोर देते हुए उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश उपस्थित रहें।

## मार्च, 2026 तक जारी रहेंगे फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट्स

- केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने 29 नवम्बर, 2023 को फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (FTSCs) को और तीन वर्ष के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है।
- इसे ₹ 1952 करोड़ से अधिक के वित्तीय प्रभाव के साथ 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- केन्द्रीय हिस्सेदारी को निर्भया फण्ड से वित्त पोषित किया जाना है और यह योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई थी।
- समर्पित न्यायालयों के रूप में डिजाइन किए गए, FTSCs से उम्मीद की जाती है कि ये यौन अपराधियों के लिए निवारक ढाँचे को मजबूत करते हुए पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करते हुए न्याय के त्वरित वितरण को सुनिश्चित करेंगे।

## आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स का नाम परिवर्तित

- केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्रालय ने 27 नवम्बर, 2023 को आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर्स का नाम बदल दिया।
- इन केन्द्रो का नया नाम 'आयुष्मान आरोग्य मन्दिर' है। इन केन्द्रो की टैग लाइन भी बदलकर 'आरोग्यम् परम धनम्' कर दी गई है।
- आयुष्मान भारत योजना को वर्ष 2018 में लागू किया गया था।

## दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल लॉन्च

- महिला और बाल विकास मन्त्रालय ने 28 नवम्बर, 2023 को दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल लॉन्च किया।
- यह पहल मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अन्तर्गत आने वाले 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक है।
- इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारम्भिक पहचान, स्क्रीनिंग और समावेश के लिए रणनीतियों पर ध्यान केन्द्रित करने वाली एक पैनल चर्चा होगी।
- इस आयोजन का प्राथमिक लक्ष्य प्रारम्भिक हस्तक्षेप और विशेष सहायता के माध्यम से बच्चों की भलाई को बढ़ाने के महत्व और व्यवहार्यता को रेखांकित करना है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओडिशा यात्रा

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 नवम्बर, 2023 को अपने गृह राज्य ओडिशा की दो दिवसीय यात्रा पर भुवनेश्वर पहुँचीं।
- राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक ने बीजू पटनायक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया।
- उन्होंने अगले दिन पारादीप बन्दरगाह प्राधिकरण द्वारा आयोजित 'बोइता बंदना' (नौकाओं की पूजा) समारोह की शोभा बढ़ाई।
- यह समारोह राज्य की समुद्री विरासत की शानदार यात्रा का जश्न मनाने के लिए पूरे ओडिशा में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

## हैमफेस्ट इण्डिया 2023 का उद्घाटन

- विज्ञान भवन, अहमदाबाद, गुजरात में 25 नवम्बर, 2023 को हैमफेस्ट इण्डिया 2023 का उद्घाटन संचार राज्य मन्त्री देवुसिंह चौहान द्वारा किया गया।



- यह शौकिया रेडियो उत्साही व्यक्तियों के लिए एक व्यापक मंच के रूप में कार्य करता है,जो तकनीकी कार्यशालाओं, एक व्यापार शो, बाजार और HAMs के लिए तैयार विभिन्न गतिविधियों को एक साथ लाता है।
- यह आयोजन HAMs के बीच सम्बन्ध को बढ़ावा देता है, बैठकों के अवसर प्रदान करता है और नवीनतम संचार तकनीकों और तकनीकी प्रगति प्रदान करता है।
- हैमफेस्ट इण्डिया 2023 भारतीय HAMs की सबसे बड़ी सभा के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है, जिसकी वर्ष 1991 में स्थापना की गयी थी।

## सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग एवं ISKCON के बीच समझौता

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग एवं ISKCON के बीच 23 नवम्बर, 2023 को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस पहल का उद्देश्य नशीली दवाओं के उपयोग को रोकने के प्रयासों को समन्वित करना है, विशेष रूप से युवाओं के बीच जो प्रधानमन्त्री मोदी के मादक पदार्थ मुक्त भारत के दृष्टिकोण के साथ संरेखित हैं।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मन्त्रालय द्वारा 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालय परिसरों और स्कूलों पर विशेष ध्यान देने के साथ युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुकता पैदा करना है।

## NITI आयोग द्वारा रैपिड इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप एक्सपेंशन की शुरूआत

- NITI आयोग के तहत अटल इनोवेशन मिशन ने 21 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में रैपिड इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप एक्सपेंशन (RISE) नामक एक नया त्वरक कार्यक्रम शुरू किया।
- यह कार्यक्रम भारत और ऑस्ट्रेलिया में सर्कुलर अर्थव्यवस्था प्रौद्योगिकियों और समाधानों पर काम करने वाले स्टार्टअप और छोटे से मध्यम आकार के उद्यमों (SMEs) का समर्थन करेगा।
- कार्यक्रम के लिए आवेदन 7 जनवरी, 2024 तक riseaccelerator. org पर खुले थे।
- स्टार्टअप के लिए कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं था, जिसे वर्चुअल रूप से वितरित किया गया।

## साड़ी वॉकथॉन के लिए ई-पंजीकरण पोर्टल लॉन्च

- कपड़ा मन्त्रालय ने 21 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में साड़ी वॉकथॉन के लिए एक ई-पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया।
- केन्द्रीय कपड़ा राज्य मन्त्री दर्शना जरदोश ने पोर्टल लॉन्च किया जिसका उद्देश्य भारत की हथकरघा साड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना है।
- वॉकथॉन का आयोजन इस वर्ष (2023) 10 दिसम्बर को मुम्बई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण में किया जाएगा।
- प्रतिभागी इस ई-पोर्टल के साथ साड़ी वॉकथॉन के लिए नामांकन कर सकते हैं जिसमें पंजीकरण OTP-आधारित होगा।

## प्रस्तावना की संविधान प्रश्नोत्तरी और ऑनलाइन रीडिंग

- भारत सरकार ने 20 नवम्बर, 2023 को नागरिकों को संविधान दिवस मनाने के लिए प्रस्तावना की संविधान प्रश्नोत्तरी और ऑनलाइन रीडिंग में भाग लेने के लिए आमन्त्रित किया।
- भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर (संविधान दिवस) को प्रश्नोत्तरी और पठन हुआ।
- मन्त्रालय ने लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दो वेब पोर्टलों का संचालन किया और प्रस्तावना को भारत की सभी 22 आधिकारिक भाषाओं में पढ़ा जा सकता है।
- देश के सभी व्यक्ति readpreamble.nic.in और constitutionquiz.nic.in वेबसाइटों पर जाकर भाग ले सकते थे और प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते।

## NITI आयोग द्वारा चार प्रतिष्ठित अध्येता नियुक्त

- NITI आयोग ने 16 नवम्बर, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए चार नए प्रतिष्ठित अध्येताओं को नियुक्त किया।